मेरी भी किस्मत बदल जायेगी माँ

मइया मेरी महिमा तेरी गाये ये दुनिया बस हर घड़ी,
तेरे ही दर पे सवर जायेगी माँ,
मेरी भी किस्मत बदल जायेगी माँ,
मेरी भी किस्मत बदल जायेगी॥

भगती भजन करे सारा जमाना,
मइया का दर बना सबका ठिकाना....-2
सब है भिखारी तुझसे भीख लेने आते है,
मांगी मुरादें माँ तुझसे सब पाते है,
मुझको बता कब तक तड़पायेगी माँ,
तेरे ही दर पे सवर जायेगी माँ,
मेरी भी किस्मत बदल जायेगी।

भैरो भी माँ तुझे दिल से था चाहा,
मुक्ती के खातिर उसने छल था दिखाया....-2
भक्तो को माँ तू तो दर पर बुलाती है,
जिसको भी चाहे उसे अपना बनाती है,
मुझको बता कब तक बुलवायेगी माँ,
तेरे ही दर पे सवर जायेगी माँ,
मेरी भी किस्मत बदल जायेगी।

बने पुजारी तेरा विनय कलामू,
चन्दन कहे मइया मैं तुझको मानु...-2
बनके तू मइया सबपे ममता लुटाती है,
बिगड़ी हुई मात किस्मत जगाती है,
मेरे भी घर बोल कब आयेगी माँ,
तेरे ही दर पे सवर जायेगी माँ,
मेरी भी किस्मत बदल जायेगी।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25136/title/meri-bhi-kismat-badal-jayegi-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |